KASHYAP SAMACHAR

कश्यप समाचार

कश्यप समाचार

(कश्मीरी पंडित सभा, जम्मू का मुख पत्र)

अंक : 5 नवंबर-दिसंबर 1994 संख्या : 10-11

हिंदी भाग

कश्मीरी भाग

मूल्य : रु 10/- वार्षिक : 80/- विदेश $ 30/-(अमरीकी) महाजन प्रेस, कच्ची छावनी, जम्मू में छपा।

अध्यक्ष की ओर से

प्रिय भाइयो और बहनो,

मैं आपके लिए शांति, सम्पन्नता और दीर्घायु की कामना करता हूं।

1994 के शरदकालीन विवाह-उत्सवों के मौसम का दूसरा चरण, 4 दिसंबर से दस दिन के संक्षिप्त समय के लिए उसके बाद 1995 में 20 जानवरी से ये उत्सव फिर शुरु हो जाएंगे। कश्मीरी पंडित सभा बार बार अपील करती रही है कि इन उत्सवों पर खर्चे में कटौती की जाए। हम दहेज और "हयों त—द्य त" (लेन-देन) को कम करने, "गरु'-अचुन" की प्रथा को पूरी तरह से समाप्त करने और बारातियों की संख्या को ज्यादा से ज्यादा 75तक सीमित रखने की प्रार्थना करते रहे हैं।

प्यारे भाइयो ! विस्थापित हिंदुओं को तबाह कर के रख दिया गगा है। तंबुओं और किराए के घरों में रहने वाले विस्थापितों के हालात आप सब को मालूम हैं। इस वक्त उनको शिक्षा, रोज़गार व्यापार तथा जीवन यापन के दूसरे साधनों से वंचित किया जा रहा है।

सरकार को उग्रवादियों के स्वास्थ्य और पुनर्वास की ज्यादा चिंता है। उसे आंतकवादियों के मानवाधिकरों की परेशानी खाए जा रही है। वह उनके साथ सौदाबाज़ी करने पर तुली है, भले ही ऐसा उसे हिंदुओं की कीमत पर करना पड़े।

हमारी जाति समूल नष्ट हो रही है। कश्मीरी पंडित उपेक्षा, गरीबी और अत्याचार से तिल तिल करके मर रहा है। मेरे प्रिय भाइयो और बहनो, मैं आप सब से अपील करता हूं कि ज़रा इस ओर भी ध्यान दें। क्या हम लोगों को ऐसी शान शौकत का प्रदर्शन करना चाहिए ? क्या अपनी बरादरी और अपनी सरकार के प्रति हमारी कोई जिम्मेवारी नहीं ? हम ऋषियों की संतान हैं। निर्वासन के इस कठिन दौर में यह हमारा धर्म बन जाता है कि हम झूठी शान के प्रदर्शन की अपनी इच्छा पर ज़बर्दस्त अंकुश लगा दें।

हमें हकीकत को समझना चाहिए। अपने आर्थिक हालात के बारे में हम एक दूसरे को झूठ नहीं बोल सकते, धोखा नहीं दे सकते। हमें यहां जम्मू में रहने वाली महाजनों की या सिखों की बरादरी से कुछ तो सीखना चाहिए।

फिज़ूल प्रदर्शन की अपनी प्रवृत्ति पर हमें रोक लगानी ही होगी।

—त्रिलोकी नाथ खोसा

संपादकीय

समेकित दृष्टिकोण अपनाएं

कश्मीर में भारतीय जनतंत्र के समर्थक होने के नाते कश्मीरी पंडितों की ज़िम्मेदारी बहुत भारी थी। हम चिंतित रहते कि चुनाव यथा समय हो जायें, चुनाव यथासंभव साफ सुथरे हों, सही व्यक्ति विधान सभा और संसद में जाए। लेकिन इस प्रकिया में हमारा अनुभव सुखद नहीं कहा जा सकता। यह ठीक है कि जनतंत्र में अधिसंख्या का मत हावी रहता है, बहुमत की ही चलती है। पर अधिसंख्या या बहुमत की सत्ता का प्रभाव चुनाव के बाद और सरकार बनने के बाद शुरू हो जाता है। कानून बनने और उसके लागू होने, दोनों हालतों में बहुमत का बोलबाला होता है, इस बात से किसी भी जनतांत्रिक को कोई एतराज़ नहीं होता। परन्तु कश्मीर मे बहुमत का जोर चुनाव से पहले से ही शुरू होता था और चुनाव के दिनों चरमसीमा पर पहुंच जाता था। हमें कभी 'कांग्रेसी' कभी 'जनताई' कभी 'नेशनली' और कभी निरे 'भारतीय' होने की गाली दी जाती थी। ये अलग अलग नाम हमको इन नाम वाले दलों के भारतीय मुख्यधारा के निकट होने के सीधे अनुपात में दिए जाते। मतलब कांग्रेस, जनता पार्टी या नेशनल कांफ्रेस जिस कद्र भारतीयता के नज़दीक समझे जाते (सब जानते हैं कि इन नामों की तथाकथित राष्ट्रवादी पार्टियां कश्मीर में कभी अराष्ट्रीय तो कभी राष्ट्रविरोधी चेहरे पहना करती थीं) उतना यह मान लिया जाता कि कश्मीरी पंडित इन पार्टियों के भारतीय होने के ज़िम्मेवार हैं अत: डांट-डपट, गाली-गलौज, खौफ-खतरा दिखा-सुनाकर उन्हें चुनावों में भाग नहीं लेने दिया जाता। हमें याद है किस तरह वोट देने गए पंडितों को बनावटी इज्ज़त से कहा जाता कि आप ने पोलिंग बूथ पर आने का कष्ट किया ही क्यों, हम ने आपका वोट पहले ही डाल दिया है। हम में से जिस ने फिर भी अंदर जा कर खुद अपना मत देने का आग्रह किया उसे मारा पीटा गया।

लेकिन कश्मीरी पंडित मन ही मन खुश था कि चलो मैं ने मतदान नहीं किया तो क्या हुआ, जिस उम्मीदवार ने भी विजय पाई चाहे सच्चे चाहे झूठे साधनों से पाई, भारतीय संविधान तथा भारतीय जनतंत्र के घेरे के अंदर रह कर ही तो पाई और इसी से कश्मीर भारतीय राज्य में बना रहेगा। हम समझते थे कि हमारे इतने बलिदान से भी भारत कश्मीर में उपस्थित रहेगा और यों हम भारतीयों की रक्षा-सुरक्षा की प्रतिभूति मिलेगी।

पर एक समय आया जब उग्रवादियों ने चुनाव ही असंभव बना दिए। हम दो तरह से दुख हुआ। एक यह कि जनतंत्र का ज़ोर खत्म हो गया और उग्रवाद यह साबित करने में सफल हुआ कि आज तक यह वस्तुत: ज़ोर का जनतंत्र था, जन जन की आत्मा से उभरा या आत्मा में उतरा

तंत्र नहीं था। दूसरा दुख यह था कि ऐसा होगा तो हम जो जनतंत्र की उस प्रदेश में बची खुची जिदगी के कारण जीवित थे ... अब हमारा क्या होगा ? फिर ज्यादा देर नहीं लगी और हम आखिरी सांस लेने के लिए बानिहाल के इस पार भाग आए।

अब चुनाव की चर्चा फिर होने लगी है। हमारी दुविधा बढ़ रही है। हमारे मामने कई विकल्प उभर रहे हैं। चुनाव में भाग लें और इस तरह भारतीय जनतंत्र की जीत में सहायक हों। चुनाव में भाग नहीं लें जब तक कि न केवल हमारे मतदान की प्रक्रिया स्पष्ट हो बल्कि हमें चुनाव में अपने उम्मीदवार खड़े करने का भी अधिकार दिया जाय। चुनाव में कश्मीरी पंडितों के विशेष चुनाव क्षेत्र बनाए जाएं जो तम्मू में ही हों और उनके प्रतिनिधि भी जम्मू में ही अपना प्रचार करें। कश्मीर में उन का विरोध ही क्यों न किया जाय।

इस सिलसिले में कश्मीरी पंडित सभा की ओर से भी प्रयत्न हुए कि चुनाव के प्रति एक समेकित (इंटेग्रेटिड) दृष्टिकोण उभारा जा सके। विभिन्न राजनीतिक परिदृश्यों वाले नेताओं तथा उनके दलों को बैंठकों में बुलाया गया। सभा की भूमिका केवल इतनी है कि कश्मीरी पंडित एक साथ मिल बैंठकर सोचें और अभी भी केवल यही कार्य कर रही है। सभा यही चाहती है कि हम जम्मू में स्थापित-विस्थापित सभी भाई बंधुओं को साथ ले जा सकें और अपनी राजनीतिक-आर्थिक समस्याओं के प्रति सचेत होजाएं। स्वयं सभा पंडित समाज के आर्थिक सामाजिक प्रश्नों को सुलझाने और अपना शील तथा मानसिक स्तर ऊंचा उठाने पर बल देगी। उम्मीद है हमारे सदस्य-शुभचिंतक इस उद्देश्य को पूरा करने मे हमारी सहायता करेंगे।

जम्मू में सही प्रेस की कमी के कारण हम बड़ी कठिनाइयां झेल रहे हैं। फिरभी अपने पाठकों से जो हमारा प्रण है कि इस वर्ष "कश्यप समाचार" के कम से कम दस अंक निकालेंगे, उस पर हम प्रतिबद्ध हैं। हम अपने अभिभावकों, कृपालु पाठकों से अनुरोध करते हैं कि अनियमित प्रेस गैर-पेशेवर प्रवृत्ति तथा असहयोग से उत्पन्न समस्याओं को समझें और हमें आशीर्वाद दें कि "कश्यप समाचार" को हम बराबर चलाते रहें। साथ ही अपनी रचनएं भी भेजें या भिजवांएं। यह पत्रिका आपकी आवाज़ है, आपकी अभिव्यक्ति है। इसका पूरा लाभ उठाएं।

प्रार्थना

पाठकों से प्रार्थना है कि अपने मुहल्ले, इलाके, कालोनी, कैंप की धार्मिक सामाजिक गतिविधियों की रिपोर्ट हमें भेजें। सांस्कृतिक समाचार को हम प्रथमता से प्रकाशित करेंगे। रिपोर्ट हिंदी या कश्मीरी में सम्पादक के नाम, कश्मीरी पंडित सभा, अंबफला जम्मू के पते पर भेजी जा सकती है।

—प्रो० उषा काशकारी

महात्मा कबीर के निराकार राम

(दशरथ के पुत्र राम साकार मनुष्य थे, लेकिन भक्त कबीर ने उन का केवल नाम लिया और उन्हें निराकार निर्गुण मानकर भक्ति का मार्ग बताया। इस विषय पर प्रस्तुत है श्रीमती उषा काशकारी का लेख। उषा जी हिंदी की कवयित्री और एक कुशल अध्यापिका हैं।)

भारत महान देश है। भारत को महान बनाने का श्रेय इसके ऋषियों और मुनियों को, योगियों और तपस्वियों को, कवियों और मनीषियों को है। कवि कबीर दास उदार निर्भीक, सत्यवादी अहिंसा सत्य और प्रेम के समर्थक तथा क्रान्तिकारी सुधारक थे। वे जीवनपर्यन्त अपनी वाणी से उत्तरी भारत का नेतृत्व करते रहे।

कबीर निराकावादी थे। निराकार की प्राप्ति ज्ञान से सम्भव है। वह निराकार राम घट घट में बसता है, उसे बाहर खोजने की आवश्यकता नहीं है। कबीर ने अपने काव्य में बार-बार 'राम' शब्द का प्रयोग किया हैं, किन्तु उनका राम सगुण अर्थात दाशरथि राम न होकर परम ब्रह्म है। कबीर द्वारा प्रतिपादित राम व्यापक है, वह समस्त संसार में रम रहा है। वह अलख, अगोचर और वर्णनातीत है। वह केवल शास्त्रों और पुराणों के अध्ययन एवं ज्ञान से नहीं जाना जाता है। वह राम परम् ब्रह्म प्रेमपूर्ण भक्ति से प्राप्य है।

भक्ति के मार्ग में माया कनक और कामिनी के रूप में व्यवधान डालती है, अतः कबीर ने इसकी कटु भर्त्सना की है। राम के प्रति कबीर की भक्ति एक ऐसा राज-मार्ग है जिस पर सभी सुगमता से चल सकते है, उसमें ऊंच-नीच, ब्राह्मण-शूद्र का कोई प्रश्न नहीं।

'जाति पांति पूछे नहिं कोई, हरि का
भजे सो हरि का होई।'

यही हरि राम नाम जपने से भक्ति और प्रेम के सहारे ब्रह्म से तादात्म्य हो सकता है। कबीर अपने प्रियतम राम की वेदना से युक्त हैं। उनके लिए राम उसी को प्राप्त हो सकते जिनके मन में तीव्र वेदना हो।

आंखडियां झांई पड़ी, पंथ निहारि-निहारि
जीभड़ियां छाला पड्या राम पुकारि-पुकारि।

आत्मा और परमात्मा का जब ऐक्य हो, जाता है, तो उस समय जीव की दशा ऐसी ही जाती है :-

लाली मेरे लाल की जित देखूं तित लाल।
लाली देखन मैं गयी मैं हो गयी लाल।

अपने राम जी से बिछुड़ कर कबीर को

दिन रात चैन नहीं मिलता :-

"चकवी बिछुरी रैन की आइ
मिली परभाति।
जो जव बिछुरे राम से ते दिन
मिलै न रति ।।

कबीर दास जी के तन-मन में राम
का विरह सम् ा है।
वासरि सुख न रैन सुख ना सुख सपने मांह
कबीरबिछुड़ या राम सूं न सुख धूप न छांह ।।

कबीरपर तो नाथ पंथ का असर स्पष्ट है। बौद्ध दर्शन के 'शून्य' का उल्लेख कबीर में आता है।

भारी कहूं तो बहु डराऊँ
हलका कहूं तो झूठ ।।
मैं का जानू राम को
नैनन कबहूं न दीठ ।।

भक्तिकाल के आरम्भ में हम कबीर को भक्ति आन्दोलन के एक प्रभाव शाली प्रवर्तक के रूप में उभरता देखते हैं। इसलिए कबीर राम की उपासना के स्थान पर निर्गुण राम की उपासना करने पर बल देते है।

"निर्गुण राम जपहु रे भाई,
अविगत की गति लखी न जाई ।।
राम नाम तिहुं लोक बखाना,
राम नाम का मरम है आना ।।

कबीर को हम संत ज्ञानेश्वर के समान महान मान सकते हैं। कबीर ने राम नाम की पवित्र अमृत धारा से मानव मन को संतुष्ट किया। कबीर को अपने राम के प्रति ऐसा प्रेम है कि वह कहते हैं :-

नैनों की करि कोठरी, पुतली पलंग बिछाइ
पलकों की चिक डारिके दिय को निया रिझाई।

अंत में मैं यही कह सकती हूं कि कबीर लिखित 'राम नाम मय' साहित्य द्वारा हम अपने को कुंदन सा शुद्ध कमल-सा मिर्मल तथा सूर्य के समान तेजस्वी बना सकते हैं। अन्त में गुप्त जी के शब्दों में :—

राम तुम्हारा वृत्त स्वयं ही काव्य है
कोई कवि बन जाए सहज संभाव्य है।

★

शिवरात्रि के अवसर पर "कश्यप समाचार" का विशेषांक निकालने की योजना है। हम लेखकों से निवेदन करते हैं कि इस अवसर पर उपयुक्त लेख और कविताएं भेजें। लेख साफ और कागज़ के एक ही तरफ लिखे हों। कश्मीरी के लेख हमारी स्वीकृत लिपि में ही हों, तो हम आपके आभारी होंगे।

१) अयोध्या

हर दशहरे भस्म होंगे रावण
लौट आएगे घर
भ्राता-भार्या समेत रघुवर
मगर नहीं यह लाज़िमी
हर बार अयोध्या में दिखे उत्सव
चमक उठे रंगीन आलोक
पता नहीं जानते भी हैं
रामचरित के गायक
रघुवर की एक ही गाथा है
किंतु अयोध्या की
अनेक व्यथा गाथाएं होती हैं।

२) पट्टी खोल दो गांधारी

तुम्हें कहकर देवी गांधारी
चुप रहा था व्यास
किंतु मेरी मासूम बिटिया
तुमसे करती है घृणा
लज्जित अनुभव करती है
और कहती है
जिस क्षण तुमने
इन आंखों पर बांधी पट्टी
उसी क्षण रचा गया था
कुरुक्षेत्र का महासमर

शताब्दियां बीत गई हैं
मगर तुम अभी जिंदा हो
एक बाद मगर पूछू
कैसा आदर्श है यह अंधापन
कौन सा धर्म अंधेपन का समर्थन
ठंडा है दर्पण
और उदास है खिड़की
और उस खिड़की में बंदी बना
तुम्हारा आकाश
पेड़, चिड़िया, मौसम
सुनो गांधारी !
और मेरी भी बिटिया उदास
अब खोल दो अपनी पट्टी !

"बफ पर नंगे पांव"

चौकन्ना सिपाही

बहुत समय से बरादरी के महत्वपूर्ण समाचारों के लिए, सामाजिक राजनीतिक घटनाओं पर कश्मीरी पंडितों का दृष्टिकोण प्रकट करने और राट्रीय अंतर्राष्ट्रीय मंचों में हमारी बात पहुंचाने के लिए एक सुरुचिपूर्ण तथा स्तरीय अंग्रेजी समाचारपत्र का अभाव महसूस किया जा रहा था। यह अभाव विगत १४ सितबर को कश्मीरी पंडित बलिदान दिवस के अवसर पर पूरा हुआ जब 'पनुन कश्मीर' को ओर से 'कश्मीर सेंटिनल' नामक पासिक पत्र जारी हुआ। शतश: बधाई। पत्र के पहले दो तीन अंको में समाचारों, समीक्षाओं तथा मत-मतांतर को बड़े ही संतुलित ढंग से संजोया गया है। तिलो तलाब विस्थापित कैंप के फटे पुराने टेंटों तथा "डॉटर्स आंफ वितस्ता" के अधिवेशन के चित्र बड़े प्रभावपूर्ण हैं। आशा की जा सकती है कि यह पाक्षिक न केवल हमारी राजनीतिक आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करेगा, बल्कि हमारे सांस्कृतिक पुनरूत्थान में भी सहायक होगा।

मोहिनी रैना

कोई भेद नहीं, कोई विवाद नहीं

आज के समय में भक्तों और उपासकों में विवाद खड़ा होता है कि शिव बड़े हैं कि विष्णु। शिवमत वाले शिव को बड़ा मानकर विष्णु को उनका उपासक मानते हैं। इसी तरह वैष्णवमत वाले विष्णु को बड़ा मानकर शिव को उनका उपासक मानते हैं। यह सच हैं कि शिव विष्णु के उपासक हैं और विष्णु शिव के भक्त हैं पर इसका यह अर्थ नही हैं कि ये छोटे हैं और वे बड़े, बल्कि वास्तव में ये दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। इनको छोटा या बड़ा मानना मनुष्य का अज्ञान और अनभिज्ञता दर्शाता है। यह उपासक की इच्छा और अधिकार है कि वह किस रूप में प्रभु की उपासना करे। इसे विवादस्पद बताना या छोटा बड़ा बताना अज्ञान और मूर्खता दर्शाता है। शिव के नाम से कोसों दूर भागना और उनको छोटी नज़र से देखना उतना ही पाप है जितना विष्णु भगवान के नाम से भागना या उनको छोटा बताना है। देखें तो निर्विशेष परात्पर या अव्यय पुरुष उपासना और ज्ञान के मुख्य लक्ष्य हैं और मनुष्य के जीवन का अन्तिम प्राप्य है। इनमें कोई भेद नही है। जो सर्वव्यापक पालनहार है, उसे विष्णु कह लीजिये। जिसमें 'सब कुछ' समाया हैं उसे शिव कह लीजिये। अन्तर सिर्फ ससझने में है भेद कहीं नहीं है। "शिव सहस्र नाम" में शिव के, और "विष्णु सहस्रनाम" में विष्णु के अनेक नाम आते हैं। इसी तरह कई ऐसे उदाहरण भीं मिलते हैं जिनसे स्पष्ट होता है कि शिव और विष्णु एक ही हैं। उपासक अपनी रुचि के अनुसार इनकी उपासना करते हैं। आदान क्रिया के अधिष्ठाता विष्णु हैं और उत्क्रान्ति के धारणकर्ता महेश्वर हैं। दोनों क्रियायें अक्षर पुरुष की दो कलाएं हैं। आदान और उत्क्रान्ति दोनों एक ही गति के भेद हैं। जब गति केन्दाभिमुखी होती है तो आदान कहलाती है, जब केन्द्र की विपरीत दिशा में चलती है, केंद्रापमुखी होती है तो वह उत्क्रान्ति कहलाती है। अत: विष्णु 'आदान' है। दूसरे शब्दों में विष्णु उत्पादन प्रदान करते हैं, संसार के पालनहार हैं, कुछ देते है। इसके विपरीत शिव "उत्क्रान्ति" यानी सब कुछ वापिस समेटने वाले सब का संहार करनेवाले। दोनों का स्वरूप एक है, क्रिया अलग अलग है फिर भेद कहां रहा ?

व्याकरण के अनुसार हरि और हर एक ही धातु से बने हैं। मूल धातु दोनों की एक है। फिर कैसे समझें दोनों अलग हैं। दोनों एक दूसरे से छोटे बड़े हैं ? बाहरी दृष्टि में भले ही भेद दिखाई देता हो परन्तु ज्ञानी पुरुषों के लिये कोई भेद नही है। यदि "उत्क्रान्ति" के नेता इन्द्र हैं तो "आदान" का नेता उपेन्द्र (दूसरा इन्द्र)। विष्णु का दूसरा नाम "उपेन्द्र" भी है।

कुछ लोग शिव को संहारकर्ता होने के कारण पूजा के योग्य नहीं मानते, लेकिन यह भूल जाते हैं कि नियति का नियम है जो उत्पन्न होगा वह नष्ट भी होगा और दोनों काम ईश्वर के हैं। समय पर उत्पादन पालन और संहार सब पूर्व नियत है। दोनों ही अपनी अपनी क्रिया में संलग्न है फिर भेद कहां है? शिव स्वरूप कल्याणकारी आनन्द दायक परमहितैषी हैं, तो विष्णु का स्वरूप पालनहार, उत्पादक-कर्ता है। कार्यभेद को अक्षर भेद पुरुष मानना निपट मूर्खता है। जिस समय जिस रूप की आवश्यकता होती है, उस समय वह रूप प्रकट होता है। महेश्वर संहारकर्ता ही नहीं बल्कि तीन अक्षर कलाओं (क्षर, अक्षर, महेश्वर) की भी समष्टि महेश्वर में है। क्षर (अग्नि) (नाश) अक्षर (सोम, आनंद) (अनाशवान) यही तो सारे जगत का पालन करता है। उत्पादक (विष्णु) है। इसी तरह सत्वगुण का नियमन विष्णु करते हैं तो तमोगुण का नियमन शिव करते हैं। शिव का ध्यान करते हुए उपासक उनके परम वैराग्यवान, अत्यन्त शांत विषयनिर्लप्त रूप में करते हैं, वहां तमोगुण के लिए कोई जगह नहीं रहती। 'शम्' शांत शिव, कल्याणकारी, 'कर' करने वाला, अत: शंकर कल्याण करने वाले हैं, फिर तमोगुणी कहां रहे, जिस कारण उनकी उपासना न करें। विष्णु को यज्ञ स्वरूप माना गया है। यज्ञ यानी क्रिया। यज्ञ द्वारा ही रुद्र (अग्नि) आदि देवता उत्पन्न होते हैं। यों कहिए शिवमय संसार में पालन कर्ता विष्णु हैं। सारे जगत में जो यज्ञ (क्रिया) हो रहा है उसी से हमारा समाज हमारा जीवन संभव होता है, वह कल्याणकारी शिव ही है। शास्त्रों के अनुसार, योगियों मुनियों के अनुसार आज तक कहीं पर दोनों में भेद नही किया गया। फिर मनुष्य जाति ने किस चीज़ के आधार पर दो भिन्न मत बनाये और एक अपने आप को दूसरे से ऊंचा समझने लगा। इस तरह मतान्ध तथा झूठे धर्मावलम्बी समाज का कल्याण करना तो दूर रहा, उलटा बड़ी हानि पहुंचाते हैं। भिन्न-भिन्न मतों से हमारा सुसंस्कृत समाज छोटे-छोटे वर्गो में बट जाता है। एकता समाप्त हो जाती है और धर्म के नाम पर मत के नाम पर आपस में ही लड़ पड़ते हैं। भेदभाव, ऊंचनीच की नीव समाज में पड़ने लगती है। आज के समाज में एकता प्रेम, एकमत की आवश्यकता है। हिन्दू समाज को फिर से जाग जाना चाहिये, कि मतभेद में न पडे। शिवमत और वैष्णव मत की बात को लेकर आपस में न लड़ें। इसी से जीव का कल्याण होगा। कही कोई भेद नही झगडा नही है।

"शिवस्य हृदयं विष्णुर्विष्णु:अस्तु शिवं"

मैं अपना तर्क खुद काटता हूं
हां, मैं खुद अपनी बात काटता हूं
मैं विशाल हूं
मेरे भीतर अनेक समूह समाए हुए हैं।

—डी० एच० लारेंस

अटल बिहारी वाजपेयी

तीन कविताएं

निराशा के क्षणों में :

गीत नही गाता हूं
बेनकाब चेहरे हैं
दाग़ बडे गहरे हैं
अपनो के मेंले में
मीत नही पाता हूं
गीत नही गाता हूं ।

★

उत्साह के क्षणों में :

गीत नया गाता हूं
टूटे हुए तारों से
फूटे वासन्ती स्वर

टूटे हुए सपने की कौन सुने सिसकी
अन्तर को चीर व्यथा पलकों में ठिठकी
काल के कपाल पर लिखता मिटाता हूं
गीत नया गाता हूं ।

★

श्रीनगर की वादियों में

न चुप हूं न गाता हू
सवेरा है—मगर पूरब दिशा में
घिर रहे बादल
रूई से धुंधलके में मील के पत्थर पड़े घायल
ठिठके पांव ओझल गाँव
न जड़ता न गतिमयता
स्वयं को ही दूसरों की दृष्टि से देख पाता हूं ।

समय की सर्द साँसो ने
चिनारों को झुलसा डाला
अकेले झील के तट पर खड़ा मैं गुनगुनाता हूं
न चुप हूं न गाता हूं ।

कहीं हम भूल न जायं

पांच वर्ष पूव हम जिस हालत में, अपने घर बार, नगर गांव छोड़ कर जम्मू तथा देश के दूसरे स्थनों में भाग आए, उस से संबंधित घटनाएं हमने कई बार एक दूसरे के सामने दोहराई होंगी और कश्मीर से जुड़ी अपनी यादों को ताज़ा किया होगा, अपने ज़खमों को हरा किया होगा और आँसू बहाए होंगे ! पर समय बीत रहा है और घरों से निकलने की हमारी दुखभरी दास्तान पुरानी पड़ती जा रही है । हमने घर छोड़ते हुए जो पीड़ा सही, वह कल हमारी जाति की कोरी कल्पना कही जाकर भुला न दी जाय इस लिए 'कश्यप समाचार' में एक स्थाई स्तंभ शुरू किया जा रहा है .."कहीं हम भूल न जांय" ! हम अपने पाठकों से निवेदन करते हैं कि वे उन दर्दभरी घटनाओं को एक बार फिर याद करें, जब हमें रातों रात या मुंह अंधेरे अपने भरे पूरे घर और घर से जुड़ी स्मृतियों, भावनाओं, आकांक्षाओं को विदा करना पड़ा था । दुर्भाग्य की किस घड़ी में, किन मुश्किल हालात में हम घर गली मुहल्ले से निकले, रास्ता कसे तय हुआ और यहां कैसे कहां पहुंचे- इस बारे में हमें अपने व्यक्तिगन अनुभव लिखकर भेजिए । हम सहर्ष वह छाप देंगे ।

मोती लाल 'पुष्कर'

रामभक्ति और दर्शन - II

(इस लेख के प्रथम भाग में विद्वान लेखक ने अपना तर्क इस बात पर समाप्त किया कि विशिष्टाद्वैत के अनुसार जीव और जगत ब्रह्म के ही चेतन और अचेतन अंश हैं। संत तुलसीदास ने इसी मत का अनुसरण किया। उन्होंने ब्रह्म के लौकिक पक्ष को चित्रित करके त्रस्त और आपद्ग्रस्त भारतीय प्रजा का ढाढस बंधाया। आगे कहते हैं कि..)

कोई पाठक मेरे वचनों को कालप्रभावित न माने। स्वयं भगवान श्री कृष्ण सर्वव्यापकता की चर्चा में अर्जुन देव से कहते हैं "राम: शस्त्रामृतां अहम्" = मैं धरती की सफे-हस्ती से अत्याचारियों के विनाश के लिए श्री राम शस्त्रधारी का रूप हूं। उस युगमें जब सारा देश अत्याचारों की आंधी से भयाकुल नष्ट-भ्रष्ट हो गया था तो तुलसी ने इसी प्रभु की प्रेरणा से जन जन को धैर्य और सहिष्णुता का उपदेश इसो गाथा से दिया। इतना ही नहीं। राम को केवल ब्रह्मस्वरुप मानने के एवं "राम दशरथ सुत मैं नहिं जानी" गाने वाले कबीर दास जी ने भी १४वीं शती ईसवी में राम नाम की महिमा गाई। "राम" को संस्कृत भाषा के निष्णात आचार्यो ने अर्थ यूं किया:- रमन्ते योगिनो अनेन सह इति राम:" राम यानी जिनके संग योगी २४ घण्टे लगातार लीला करते रहते हैं। कबीर दास के निर्गुण ब्रह्म को तुलसी ने १६वीं शताब्दी ईस्वी में जिस जीवजगत स्वरूप प्रभु का रूप प्रदान किया उसे सभी ने स्वीकार किया। अकबर के सेनापति अब्दुर्रहीम श्री राम के ब्रह्मरूप से इतने प्रभावित थे कि उन्होने संस्कृत कविता में गाया है--

अहल्या पाषाणी पशुरासीन कविचम्:
गुहाऽ भूत चाण्डाल: त्रयं अपिच नीतं तव पदमू
अहं चित्तेनाश्मा: पशुरपि तवार्चादि करणे
क्रियाभिश्चांडालो रघुवर न मां उद्धरसि किम्।

यानी हे रघुवर! तुम मेरा उद्धार क्यों नहीं करते? तुमने पत्थर की अहल्या को पशुओं की सेना वानर जाति को चांडाल गुह को भी मुक्ति प्रदान की, मैं पाषाणहृदय हूं, पूजा अर्चना से अनभिज्ञ पशु हूं और क्रियाओं से चांडाल यानी समस्त मुक्ति के लिए नितांत आवश्यकताओं से मुक्त हूं। यह अब तुम्हारी ज़िम्मेवारी है कि मुझ भवसागर पार करालो।

यही भक्ति भावना जनजन में प्रभुके प्रति उनके गुणों के प्रति विद्यमान है। इसी भक्ति धारा को तुलसी ने अपने "रामचारित मानस" में हरछंद हर बंध हर शब्द हर प्रसगं में पिरोया है। उन्होंने आदिकवि के समान गाया है---

सीता राम गुणग्राम पुण्याख्य विहारिणौ
वंदे विशुद्ध विज्ञानौ कवीश्वर कपीश्वरौ।

यानी वाल्मीकि और पवनपुत्र हनुमंत प्रभु के अमर्यादित मर्यादा-सुशोभित गुणों के प्रति भावुक भक्त ही गिने जा सकते हैं। हनुमंत जी ने प्रभु की रत्नमाला के मनके तोड़ कर यह देखने की शुभेच्छा व्यक्त की कि क्या श्री रामजी का पावन नाम उन मनकों में सुशोभित है कि नहीं। यह रामनाम महिमा स्वयं श्रीराम के द्वारा सागर सेत बांधने के समय प्रकट हुई जब रामनामांकित पत्थर डूबे नहीं स्थिर रहे और सेतुबधंन के लिए आधारशिलाएं बन गए। यह रामभक्ति शिवाजी महाराज के गुरूदेव समर्थ रामदास के चरित में, श्री रामकृष्ण परमहंस देव की बाललीला में स्वयं अभिव्यक्त की है। समर्थ रामदास जी ने किसी भक्त की प्राथना पर 'र म' यह अक्षरद्वय स्मरण करने के लिए दिए। कालांतर में उसे इच्छा हुई कि कोई दूसरा मंत्र लेना चाहिए। दूसरे गुरुदेव ने पूर्व मंत्र वापिस करने का परामर्श दिया। समर्थ जी से कहा तो उन्होने पीने के लिए जल दिया और उसे उंडेल देने को कहा। उस भक्तजन ने वैसा ही किया। जल पत्थर पर गिरा तो वह पत्थर रामांकित हो गया। श्री रामकृष्ण परमहंस बालक थे और मां के साथ किसी गांव को जा रहे थे। रास्ते में वंदर देख कर दोनों मां बालक रुक गए। सैंकडों वंदरों के बीच जाकर परमहंस जी खेलने लगे। मां व्याकुल हुई। वानरों ने श्री राम का रूप जानकर उन्हें फल भेंट किए। प्रणाम किया और खेल कूद में रमे रहे। यह उनकी जन्मजात रामभक्ति का प्रभाव था। आजके युग में महात्मा गांधी जी की रामभक्ति को देखिए। श्री राम का पावन नाम कभी न भूले। आखिरी घड़ी भी उन्होने "राम" कहके ही प्राण त्याग दिए।

आजके नवीन युग में खड़ी बोली के महाकवियों ने अपनी भक्ति को इसी राम नाम के सहारे गाया है। इसी राम नाम की पृष्टभूमि में भक्ति के स्वरुप को दर्शन के तत्व का सहारा प्राप्त हुआ है। जिस भावनात्मक जगत की रचना आत्मचेतन स्तर के धनी एकात्मभाव की स्थिति में पहुंच कर स्वरूप प्रदान करते हैं। उसी बात का विश्लेषण बुद्धितत्वप्रधान मनीषी दार्शनिक व्याख्या के द्वारा अभिव्यक्त करते हैं। हमारे भारतीय दर्शनशास्त्र का आधार आत्मबोध है, आत्म-साक्षात्कर्म है, किंतु विश्लेषण के धरातल पर वह भावनात्मक होने के अतिरिक्त बुद्धितत्व के आत्मतत्व के बारे में किया गया वर्णन ही होता है। हमारे भारतीय चिंतन का प्रमुख स्रोत उपनि द् साहित्य है जो परातत्व को देहस्थ आत्मतत्व के रूप में स्थापित करता है। ईशोपनिषद में आत्मतत्व के साक्षात्कारी ऋषि ने इस भाव को श्लोक में स्थापित किया है—

ईशवस्यं इदं सर्वं यत किंचित जगत्यां जगत्
त्येन त्यक्तेन भुंजीथा: मा गृध: करयचिद् धनम्।

अर्थात जो कुछ इस जगती में विद्यमान है उस सब में उसी ईश का बास है अत: त्याग की भावना से हमें उसका उपयोग करना चाहिए।

किसी का धन झपटने की कोशिश नहीं करनी चाहिए ।

इस उद्धरण में उस परमतत्व की विद्यमानता का उल्लेख हुआ है जो चराचर के अण अण में निवास करता है । यह स्पष्ट होता है कि प्रत्येक जड चेतन में उसी सर्वव्यापक के दर्शन करते हैं तथा "मा गृधः" हमें अपने जीवन को श्री रामप्रभु के आदर्शरूप मर्यादित सर्वस्नेही, सर्वहितकामी जीवन के प्रति सचेत करता है। प्रभु ने स्वयं ही अवतार धारण कर मानव को कल्याण कारी मार्ग का अनुयायी होने की प्रेरणा दी है। यही सच्ची भक्ति है।

(समाप्त)

चिट्ठी - पत्री

दिवाली विशेषांक में कविताओं की कमी बहुत खटकती है। आजकल जम्मू में इतने सारे हिंदी कवि हैं। क्या कारण है कि उनकी अच्छी अच्छी कविताएं 'कश्यप समाचार' में नहीं छपी हैं ? आशा है आग आप हमारी इस विनती पर गौर करेंगे।

—नीति कौल
गांधी नगर, जम्मू।

✻

पहले 'जन्माष्टमी अंक, फिर उसके बाद 'दशहरा-अंक' अब तीसरा अंक कौन विशेषांक होगा ? दीवाली का ? विशेषांक निकालना कोई बुरी बात नहीं पर किसी भी पत्रिका का साधारण अंक भी उतना ही जरूरी होता है जितना विशेषांक। साधारण अंक में कविता-कहानी भी होती है, विशेषांक में नहीं।

— मोती लाल पंडिता
बनतालाब, जम्मू।

✻

'दशहरा / दिवाली अंक' कल मिला । धन्यवाद । अंक में कई आकर्षण हैं, खास तौर पर 'राम भक्ति और दर्शन' । इस में लेखक ने गागर में सागर भर दिया है। मेरी बधाई।

—काशी नाथ रैना
तोप शेरखानियां, जम्मू।

✻

आपकी पत्रिका में मुझे भगवान राम और विजया दशमी से संबोधित अच्छे और स्तरीय लेख पढ़ने का अवसर मिला। आपका प्रयास बड़ा भशंसनीय है। आप न केवल अपनी बरादरी के विद्वान पाठकों को अच्छी सूचनाएं देते हैं, बल्कि उनका ज्ञानवर्धन भी करते हैं। 'कश्यप समाचार' का हिंदी भाग एक अच्छा साहित्यिक प्रयास पेश करता है।

—सुलोचना गुप्ता
गवर्नमेंट कालेज फार विमेन
परेड ग्राउंड, जम्मू।

कश्यप समाचार (का'शुर बोग)

का'शुर लेखनुक परनुक त'रीकु'

1) का'शिरि आवाजु' (स्वर)

   1. अ' = अ'छ, च'र, ग'यि, ब'ल्य्
   2. आ' = आ'ठ, रा'छ, ज़ा'च़ल, अका'य, रगा'ड्य
   3. उ' = तु', च़ु', बु', बतु', नतु', अ'दु'र, क'च़
   4. ऊ' = तू'र, कू'त्य्, सू'त्य्, ऊ'ठ्युम
   5. ए' = मे', चे', रे'ह, बे'नि, महारे'न्य्
   6. ओं' = ओ'दुर, अपो'र, चो'ट
   7. -य् = तीत्य्, क'म्य्, ज़ा'न्य्कार, म'ल्य्
   8. व- = क्वस, न्वश, स्वछ, ग्वबि ख्वरु'

2) का'शिरि आवाजु' (व्यंजन)

   1. क, ख, ग, च, च़, छ, छ़, ज, ज़, ट, ठ, ड, त, थ, द, न, प, फ, ब, म,
      य, र, ल, व, श, स, ह, त्र

3) हिंदीयिक्य् स्वर ऋ (ृ), ऐ (ै), औ (ौ) विसर्ग (:) तु' व्यंजन घ, झ, ढ, ध, भ, ष, क्ष, ज्ञ तु' अनुनासिक 'ण' हुक इस्तिमाल करव अ'स्य् सिरिफ नावन (व्यक्तीवाचक संग्यायन) मंज़। मसलन कृष्ण, वैतरणी, घनश्याम, भारत, झारखंड, ढाका, धनवती, लक्ष्मण, ज्ञानेश्वर, श्रीकण्ठ ।

★

संपादकी

असि क्याह छु सरुन सोंचुन ?

यि छु महज़ इतिफाक ज़ि 'कश्यप समाचारु'क्य्' ग्वडनिक्य् जु अंक द्रायि खा'लिस दार्मिक मज़मूनन प्यठ। दरअसल युथुय युहुस कश्मीरी पंडित सभायि हुंद नो'व चुनाव सपुद, यि पत्रिका

नवि ज़ुव ज्यतु' सान कडनुक इरादु' ति आव तमी विज़ि करनु'। जन्मु' सतम आ'स यिनु' वाजे'न्य्। फा'सलु' को'रुख ज़ि ग्वडन्युक अंक आसि जन्मष्टमी अंक। पतय ओस दशहार तु' देवा'ली। दो'यिमिस अंकस ति द्राव मोकु' तु' बहानु' बन्यव बे'यि अकि खास नंबर कडनुक। बहर हाल यिम ज़ु' नंबर वुछिथ हय।'तुन सान्यन वार्याहन परन वाल्यन यि बासुन ज़ि सभा छे' सिरिफ बगवथ नावस ल'ज्यमु'च। केंचंन लुकन ओस गिलु' ज़ि असि बटन छि वुन्यकिस बे'यि वार्याह मसलु' यिहुं'ज़ न'वियथ सिरिफ मज़हबी छनु'।

असि छु ये'मि कथि हुंद एहसास ज़ि बाकय समा'जी क्यो सिया'सी मसलु' ति छि सोन तवजुह मंगान। अ'स्य् छि लगातार कूशिश करान ज़ि यिमन मसलन प्यठ ग'छ्य् सा'न्य् लेखक लेखु'न्य्। अ'स्य् छि योंरु' ति तिमन ज़ोर ज़ोर दिवान। अमापो'ज़ पज़र छु यि ति ज़ि का'शिरिस मज़ खासकर छिनु' वुनि गद्य (प्रोज़) लेखन वा'ल्य ज्यादु'। असि छु वार्याह मसालु' सिरिफ नज़्मि रंगी वातान। सिरिफ कवितायि, गज़लु' वगा'रु'। अ'स्य् छि बे'यि अकि लटि पनु'न्यन प्रब्वद लिखार्यन व्यनती करान ज़ि पनु'न्य लेख सूज़िव। यि केछांह तो'हय् वनुन छिवु' यछान। यिछ़ ति तुहुं'ज़ ज़बान छे'। अ'स्य् शेरव पा'रव स्व यथाशक्ती। अ'स्य् मथव स्व अ'छन। सिरिफ क'र्य्‌तव कूशिश नागरी अछरन मंजु'य लेखनु'च। साफ साफ खुलु' डुलु'। युथ नु' परनस थ्वस यियि।

अ'ज़िकि ख्वतु' छुनु' कांह वख ज्यादु' मोज़ून ज़ि अ'स्य् हय्मव पानस साम। पनु'निस सोंचस समजस। पनु'निस व'तीरस। आ'खु'र अ'स्य हय वतु' वला'य ग'यि तु' क्याज़ि? व्वन्य् क्याह छि सा'न्य् सूरति हाल। व्वन्य् छा असि पानस तार दिनुक कांह स'बील करुन किनु' न। यिथ्य् ही छि वारियाह सवाल यिमन प्यठ असि सरुन सोंचुन छु।

वारियाह पारटियि छे' सानि। सान्यन मुख्तलिफ फिकरी दर्यन हुं'ज़ नुमायंदगी करान। अथ प्यठ छनु' हा'रा'नी या मोयूसी ज़ा'हिर करु'न्य्। आम पा'ठ्य् हयों'द तु' खासकर बटु' छु चूंकि ज़ा'विजारन सनन वोल। कथि पूर' पा'ठ्य् वाश क'डिथ अदु' मानन वोल। हें' दिस छुनु' कांह दार्मिक हुकुम ज़ि बस यि कथ मा'न्य ज़ि अ'छ व'टिथ। (ग्वड छु न अजकल किस ज़मानस मंज़ कां'सि पनुन वो'लितु च'टिथ न्यबर नेरनस चारु'।) अवय छि असि मंज़ अ'ड्य् अख कथ वनान तु' अ'डय् ब्याख मगर कुलस प्यठ छि अ'स्य् मुतफिक। यथ प्यठ अ'स्य मुत्फिक छि तथ हय्कव अ'स्य् ज्यव दिय। मसलन यि कि आ'खरस छु असि वापस क'शीरि तरुन। यि ज़ि ग्वतान्य् सु मुमकिन सपदि त्वतान्य् छु असि कुनि जायि ठिकानु' ह्यु'न तु' पनु'नि बजा'यी बापरजा'यी खा'तरु' कदम तुलुन। सब्यता संस्क्रती रछिन्य्। असि छि का'शुर आसनु'च अका'य पछान—सा'न्य का'शिर ज़बान। यि छि असि रछिन्य्। यि छि शुर्यन हय़छनावु'न्य। अथ मंज़ छु असि लेखुन परुन। अम्युक अम्युक म्वलुल सरमायि छु र'छिथ थवुन युथ नु' गालखातस गछि। वगां'रु वगांरु। यिम छि सा'न्य कल्चरल मसलु'। यिमन मुतलिक क्याह छि अ'स्य् सोंचान-सरान? सियासतु' अलावु' छि यिथ्य् ही मसलु' ति सा'न्य् जरूरी मसलु' ग्वतान्य् अ'स्य् यिमन प्यठ सोंचान रोज़व त्वतानी छि अ'स्य ज़िदु'। नतु' छु सोन आसुन न आसुन बराबर।

(त्रन कु'रतन मंज़) डॉ० अमर मा लम

दुर्गा दुर्गति नाशिनी-[

(डॉ० मालमोहो छि सानि क'शीरि हुं'द्य् नामावर कहानीकार नावलिस्ट, शा'यिर नाटककार तु' थदि पायिक्य् दा'निशवर। का'शिर जबा'न्य्, इतिहास तु' संस्कृती प्यठ छु यिमव वार्याह केंह ल्यूखमुत। यथ जीठिस लेखस मंज़ छु दीवी मुतलिक युहुंद तहकीका'ती सोंच सा'निस अ'ज्य्किस प्रसंगस मंजं बडु' नफीस पाठ्'य् पेश करनु' आमुत। अमर जी छि अज़कल एम० ए० एम० (कैंप) कालेजस मंज़ उर्दू प्रोफेसर।)

देवि ! त्र्यंबकपत्नि ! पार्वति ! सति ! त्रैलोक्य माता ! शिवे !
शर्वाणि ! त्रिपुरे ! मृडानि ! वरदे ! रुद्राणि ! कात्यायनि !
भीमे ! भैरवि ! चंडि ! शर्वरि ! कले ! कालक्षये ! शालिनि !
त्वतपादप्रणतान् अनन्यमनस: पर्याकुलान् पाहि न: !

पज़र छु यि ज़ि बदलवु'न्यन हालातन मंज़ छुनु' का'शिरिस बटस बहसियति इनसान ज़िंदु' रोज़ुन कांह बो'ड मुश्किल तिक्याज़ि सु छु च्वदा'हिमि स'दी प्यठु' बदलवु'न्यन हालातन हुंद हमेशि शिकार सपदान रूदमुत तु' च़लुन गलुन छनु' त'म्य् सुं'दि खा'तरु' कांह न'व कथ। मगर बटु'सुंद मसलु' छु यि ज़ि तस छु बहसियति का'शुर बटु बह'सियति का'शुर पंडित ज़िंदु' रोज़न तु' यिम बटु' च्वदा'हिमि स'दी प्यठु' च'लिथ पतु' क'शीरि कुनि वजहु' किन्य् वापस आयि नु' तिमन रोव पनु' पनु' का'शुर आकार ति क्याज़ि व्वपर जायन प्यव तिमन छ'करिथ रोज़ुन। तिमन रा'व हनि हनि पनु'न्य् सा'रय कोमी पछान, ये'मिक्य् अहम अनसर ज़बान रसु'म तु' अ'कीदु' छि। अज़ कालु' क्यन गटु ज'ल्य् हालातन मंज़ अगर का'शिरिस बटस ज़िंदु' रोज़ुन छु ते'लि छि तस पनु'नि ज़बा'न्य् रस्मन तु' अकीदन रा'छ करु'न्य्। लफज़ि रस्मु' सू'त्य् छु' नु म्योन मतलब तिम समा'जी रसु'भ यिमव का'शुर बटु' अं'दरी ख्वखुर को'र, ब'ल्यकि तिम रसु'म यिमन अ'स्य् कर्म कांड व निथ ह्यकव या यिमन सान्यन बड्यन दो'हन हुं'दिस मनावनस सू'त्य् तोलुक छु। बु' दिमु' मिसाल। पन द्युन छु सानि कल्चरुक अख अहम अनसर तु' ओरु' योर न'वीद सोज़ुन छु समा'जी रा'बितु' खा'तरु' ज़रूरी, मगर कोरि न'वीद सोज़नस मंज़ पनुन ख्वखुर बजर वर्तादुन छे' बेवकूफी।

यि छे' दिलचस्य कथ ज़ि नवरात्रन सू'त्य छु बगवान'रामु सुंद द्वह यिवान। चितरु'

नवरात्रन हुं'ज़ नवम छे' रामु' नवम आसान तु' आ'शिदु' नवरात्री हुं'ज़ द'हम छे' दशिहार आसान, येमि दो'हु' बगवान रामु' संदि अवतारुक मकसद पूरु' सपुद । का'शिर्यन हुं'दिस दिलस मंज़ य्वदवय मर्यादा पुरुषोतम सुंद का'फी बजर तु' लोल छु मगर तिहंदि खा'तरु' छनु' रामु' नवम या दशिहारस स्व अहमियथ य्वसु' नवद्वर्गायि छे । यहोय वजह छु ज़ि रामु' नवम तु' महानवम द्वहु'आ'स्य् बटु' च़रवन-त'ह'र बमावान, च'करीश्वर तु' बा'रवन चो ट थावान तु' मामस रनान, य्वदवययि शास्तरु' रंगु' बिल्कुल ना रवा ओस । का'शिर्य बटु' आ'स्य् जो'म च़लु'नस तान्य् खासकर तिम यिहुं'ज़ य'श्ट दीवी शारिका आ'स, चो़रु'म तान्य् मामस ख्यवान ।

व्रों'ह कालु' आ'स्य् वार्याह का'शिर्य बटु' नवरात्रन हु'न्द्यन नवन दों'हन मंज़ नव द्वर्गायि हुं'ज़ पूज़ा करान मगर जदीद ता'लीम शा'रु गछ़नु' पतु' गयि वखतु'च कमी हुंन्दि कारनु' यि पूज़ा हनि-हनि कम गछ़ान तु' सन् 1947 ई० पतु' गयि बिलकुल कम तिक्याजि का'शियन हुं'न्ज़ नवद्वर्गा छें' अख पीचीदु' पूज़ा 'न ज़ि यिजि अदु' थ'व्य अ'त्य व'श्कु' द'ह-वुह फ'ल्य् कुनि ल्वकटिस बानस मंज व'विथ ताखचस प्यठ तु' बाकय कोर' चोंरव-पांचव जनानव शामन डोल वा ' यिथ ग्यवुनाह। का'शिरि नवद्वर्गायि आ 'स्य् गांटुवादु लगान तु' यि पूज़ा छे' ज्यादु' पहन राथक्युत सपदान। प्रथ दो'हु' ओस हेरि न्वनु' लिवुन डुवुन आसान तु' सोरुय ओस दु'हंमहुन्द करनु' यिवान । यि ओस नु' बदलेमत्यन हालातन मंज़ सहल-। द्वर्गायि तु' यि पूज़ा बिलकुल खतुम' सपु'ज़मु'च़ मगर लूकन मंज़ ग'यिनु' द्वर्गायि हु'न्ज़ श्रदा ज़ांह कम तु' माजि दीवीहुंद यि लोल छु सानि संस्कृतीहुन्द अख नुमायां हिस' तु' अगर यि लोल आमपा'ठय् सान्यव दिलव मंज़' रा'स्य सपुद ते'लि रोज़व नु' अ'स्य् का'शिर्य बटु' अ'थ्य् लोलस का'म हयथ करव तस माजि हुन्ज़ जलवु' गरी ज़ रछ़ खंड ज़ान य्वसु असि परबतु', तुलु'मु'लिहुं' ज्यीठय्या'र, व्वमायि, टु'करू' तु' व्यतस्तायि हु'द्यन वा'रान बठ्यन प्यठ अज़ति प्राश्न तु' छ़ारान छे' । यि छे' अ'म्यसु'य माजिहु'न्ज यछ़-प'छ़ ये'मि असि प्रथ गटु'कारस मंज़ तु' आ'वु लु'निस मंज़ ज़िन्दु' रोज़नुक होसलु' द्यु त ।

आंथ्रोपालोजी हुन्द मुतालु' क'रिथ छु ननान ज़ि माज़ि बगवती हुन्ज़ पूज़ा क'र इनसानन पनु'नि वनवा'स्य् ज़िन्दगी मंज़'य शरु तु' यूत-यूत अ'मिस तिहुंदुय निखार हा' सिल रोज़ान गव त्यूत-न्यूत गय माज़ि बगवती हु'न्ज़ि पूज़ायि तु' तसवुरस ति जहतु' (Dimensions) हुरान । का शिर्यन मंज़ छु दीवी पूजायि हुन्द अनहार न्यरल तु' बरपूर । सा'र्य सु'य हिन्दोस्तानस मंज़ छु सिरिफ का'शिर्य बटु' अख कोम यथ कांह य'श्टु' दीव छनु' अम्यक छु यि ज़ि का'शिरिस बाग्यव नु' माजि दीवी रोस्त किहीं अमली पज़र । का' शिरिस खा'तुरु' ओस नु' तु' माजि दीवी हुन्द तसवुर अख खया'ली (Speculative) पज़र तु' तान्त्रिक आयि आ'स यि अख अमली सदाकत । अवय

यिहय दीवी सारिनु'य का'शिर्यन यश्टु'दीवी पनु'न्यन अलग-अलग रूपन मंज़। यि छु अ'म्य सु'य माजिहुन्द लोल ये'म्य् अज़ का'लु' क्यन चलि-म'त्यन अथि जानीपोरु', बग'वती नगरु' तुलुमुल बनावु' नोव तु' बोंठकालु'क्यन अथि अम्व फला बटु' मंग्रस मंज़ तुलुमुल्य् नाग।

का'शिर्यन यस बगवती हुन्द तसव्वुर छु सु छु अख अलग नवीयथ यवान। अमलन छु नु' आम का'शुर दीवी हुन्द कांह फलसफियानु' तसव्वुर थवान ब'ल्कि छु तस अ'मिस सू'त्य् अख ज़ा'ती 'रिश्तु'। सु रिश्तु' युस शुर्यन माजि तु' माजि शुर्यन सू'त्य आसान छु। अवय छु सराफ वनान :-

शुर छुस मा'ज्य बवा'न्य च्येय रो'स खोचान
सू'त्य-सू'त्य आसतम रोज़ा'नी
पो'तु'र छु जगतस मंज़ पा'दु' सपदान
क्वमाता क्वमाता जांहति छनु' वनान

तु' यि रिश्तु' छु का' शिर्यन हुन्द भवा'नी सहस्रनाम तु' पंचस्तवी जान पा'ठ्य् बदि कडान :-

चानि बापथ दनु' खरु'च को'रुम नु' अज़ताम
वनुकस तु' दनु'चे' पथ छुसनु' खरचान
तोति चु' स्वय मा'ज्य्
यस छु म्योन स्रो'ह तु' माहवत ग्वसु' छम
म्ये' गरिगरि रछान।
क्वो' तुर पो'तुर जगतस मंज़ पा'दु' सपदान
माता क्व माता जांहति छनु' वनान (पंचस्तवी तरजर्मु सराफ)

शिव गव सु ये'मिस मंज़ जगथ गुपिथ आसि। यि शिव छु ते'लि परमीश्वर या ब्रह्म ये'लि अ'मिस पांछ शखतियि आसन यिमन मंज़ ज्यादु' वनि तु न'नि यछा शखती, ग्यानु शखती तु' क्रेया छे' ३६ तत्व या अनसर। शिव छु न' शखती रो'स्त किहीं। शखती-अथवास छु शिव त्रे'यलूकी सा'मी तु' कल्यान का'री बनान तु' अमि किन्य् छे शिवस ख्वतु' अहम तु' तस निश वातु' नावन वाजे'न्य् फकत शखती।

का'शियन हुन्द शखती तसव्वुर छु तान्त्रिक तु' रछखड छु अथ प्यठ प्वरानुक असर ति, ति क्याज़ि काशिर्यन हुंज़' दीवी छि तिम नाव ति दिनु' आमु'त्य यिम प्वरानन मंज़ मेलान छि। यि छे' सरस्वती याने 'वसन वाजे'न्य (the flowing one) सरस्वती छु ऋग वीदस मंज़ जरखीज़ी तु' पव्य'तरतायि सू'त्य तोलुक यि छे वा'गीश्वरी (जबा'न्य हु'न्ज़ दीवी) ब्रह्मी तु महाव्यद्या अ'लिम फन, ग्यान तु'व्य'ग्या नु'च दीवी आसनु' मूज़ूब स्यठाह तीज़ु'वान। यि छे' राज़ु' होंज़स (विवेक, त'मीज़) तु' बाज़े मोरस (किबु'र, ज़ा'हिरी हुसुन) सवारि खसान। आम पा'ठ्य छि अ'मिस दछिनिस अथस मंज़ ज़पु' माल तु' खोवरिस मंज़ किताब आसान। अम्युक मतलब गव ज़ि मा'दी या किता'बी अ'लिम तु' रूहानी अ'लिम छु ज़ोरू'री। मगर वा'तिनी अ'लिम छु सरस। ग्यान प्रावनु' खा'तरु' छु वे'ग्यान ज़रूरी तु' अम्य् सुन्दि मुताबिक छि अ'स्य शरीरु'च ब्वछि त्रेश वे'ग्यानु' सू'त्य तु' आत्मु'च त्रेश ग्यानु' सू'त्य् छ्य'वरान।

दीवी हुन्द ब्याख अनहार छु लक्ष्मी यि छे' श्री तु यि छे' भार्गव रे'श्य सु'न्ज़ कूर

ति तु' सो'दरु' मंज़ु' खसनवोल अहम र'तु'न ति यिहय छे वामनु' सु'न्ज़ पद्मा परसरामु'न्य् धारिनी रामु' सु'न्ज़ सीता तु कृष्णु' सु'न्ज़ रु'खु'मन। पम्पोशस प्यठ बे'हनु' किन्य छु अ'मिस कमला ति नाव। हिन्दुस्तानस मंज़ छि नु' लक्ष्मी मंन्दिर आम पा'ठ्य लबु'नु' यिवान तु' कशीरि मंज़ आ'स्य् नु' ऊतरु' तान्य् अ'म्य मुन्ज़ कांह वखरु' पूज़ा सपदान मगर क'शीरि न्य'बरु'मिस तान्त्रिकस मंज़ छे यि अख अहम किरदार थवान ति क्याज़ि हिन्दुस्ता'न्य् तान्त्रिक छु नु' फ़कत यूगस बलकि बूगस मंज़ ति वे'शवास थवान। लक्ष्मी छि वारयाह नाव यिमन मंज़ श्री (ख्व'श कु'समती) प्रीति (माय) क्रति (गिन्दन वाजन्य, शालिनी (शूब) तुष्टि (त्रफती, लुतुफ) पुष्टि (बल) वेतरि छे'।

(दिसंबर' 94 अंकस मंज़ जा'री)

प्रो. सरला कौल

कुनिस ज़'निस नो ज़ांह तार लगी

तापनि चजे पान चे' ज़ोलुथ
उफ ति मा को'रुथ ॥
खू'मु' जंदन तल प्राण च' त्रा'विथ
उफ ति मा को'रुथ ॥
सर्पन का'त्याहन पान च' दितुथ
तोति पो'चुख ना ॥
पनु'नि वतनु' मंज़ु' परदीसी गोख
उफ ति मा को'रुथ ॥
यारव बा'यव मंज़ नावि त्रोवुख
तोति फो'दुख ना ॥
कम जंदु' शिखु'र्य चे' ना'ल्य त्रा'विथ
उफ ति मा को'रुथ ॥
पनु'न्यन हुंछ' काम इलज़ाम चा'लिय
पान छो'पुथ ना ॥
पानय पानस दिलासु' दितुथ
उफ ति मा को'रुथ ॥

राशन काडन हुं'ज़ि ला'नि ब्यूदु'ख
ज़ानस् वुछुथ ना ॥
रिलीफ़ दु'बर्यन प्रान च' छोवुथ
उफ ति मा को'रुथ ॥
कम कम नाव ह्यथ पामु' च' चाजथ
बरदाश को'रुथ ना ॥
हांगुल वो'नुहयी दफ चा'न्य् ह'कीकथ
कां'सिति प्रज़ना'व ना ॥
क'शीरि मंज़ पान हचरज़द ज़ोनुथ
ल्वति पा'ठ्य चो'लुख ना ॥
कुनिस ज़'निस् नो ज़ांह तार लगी
ती च' ज़ोनुथ ना ॥
तापनि चजे पान च' ज़ोलुथ
उफ ति मा कोरुथ ॥

★

—डॉ० द्वारकानाथ दुरानी

श्री राम तु' श्री कृष्ण—II

(ग्वडनिकिस हिसस मंज़ को'र ये'मि लेखु'क्य् व्ये'ध्वान लिखा'र्य् बगवान सु'न्द्यन यिमन द्वन अवतारन हुंज़ि ज़िंदगियि तु' कारनामन मुकाबलु' क'रिथ दरअसल श्री कृष्णु' सुंज़ि भगवदगीतायि मुतलिक व्यस्तारु'सान पनु'न्यन खयालन हुंद इज़हार। अ'थ्य् सिलसिलस मंज़ छि ब्रों'ह कुन वातान—

श्रीमद् भगवदगीता छि श्री कृष्णु' सुं'दि रूपुक अक्स। गीतायि मंज़ पानु बगवान वनान—
ये यथा माम् प्रपद्यंते तांस्तथैव मजाम्यहम्।

